रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED No. D. (D.N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 16] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 17, 1982/चैत्र 27, 1904

No. 16] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 17, 1982/CHAITRA 27, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 1982

का॰ आ॰ 1515.—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मै॰ शक्ति इन्सुलेटेड वायर्स प्राइवेट लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1196/75) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 16/40/80-एम 3]

चन्द्रकान्त खुशालदास, निदेशक

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 5th April, 1982

S.O. 1515.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies & Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969) the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Shakti Insulated wires Pvt. Ltd., under the said Act (Certificate of Registration No. 1196/75).

[No. 16/40/80/M-III]

C. KHUSHAL DAS, Director

नई दिल्ली, 13 अप्रैल, 1982

का. आ. 1516.—केन्द्रीय सरकार, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट विनियम, 1964 की अनुसूची ख ख के पैरा 1 के उप-पैरा (2) के अनुसरण में, भारत सरकार के विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय (कम्पनी कार्य विभाग) की अधिसूचना सं. 1766 तारीख 26 जून, 1980 का निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, क्रम संख्यांक 27 और उससे संबंधित प्रविष्टि के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्यांक और प्रविष्टि अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

28 विक्टोरियन विश्वविद्यालयों और विद्यालय परीक्षा बोर्ड आस्ट्रेलिया द्वारा संचालित की जाने वाली उच्चतर विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा।

[फा. सं. 7/16/81-आई सी सी]

के. एन. रामचन्द्रन, उप सचिव

New Delhi, the 13th April, 1982

S.O. 1516.—In pursuance of sub-paragraph (ii) of paragraph 1 of Schedule BB to the Chartered Accountants Regulations, 1964 the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Department of Company Affairs) No. S.O. 1766 dated the 26th June, 1980, namely :—

In the said notification, after serial number 27 and the entry relating thereto, the following serial number and the entry shall be inserted, namely :—

"28. Higher School Certificate Examination conducted by the Victorian Universities and Schools Examination Board, Australia."

[File No. 2/9/82-CL.V]

K. N. RAMCHANDRAN, Dy. Secy.

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 1982

का० आ० 1517.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 25 की उप-धारा (1 क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के आर्थिक अपराध स्कंध कलकत्ता शाखा के सहायक लोक अभियोजक श्री बी० के० दास को भारत के किसी राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र, जिसमें उपर्युक्त धारा के उपबन्ध लागू होते है, मैं मजिस्ट्रेटो के न्यायालयों में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना द्वारा आरम्भ किए गए मामलो का संचालन करने के लिए सहायक लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[संख्या 225/5/82-ए०वी०जी०-11]

हरि कृष्ण वर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administration Reforms)

New Delhi, the 3rd April, 1982

S.O. 1517.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) (A) of section 25 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri B. K. Das, Assistant Public Prosecutor in the Central Bureau of Investigation, EOOW, Calcutta Branch as Assistant Public Prosecutor for the conduct of cases instituted by the Delhi Special Police Establishment before the courts of Magistrates in any State or Union Territory of India to which the provisions of the aforesaid section apply.

[No. 225/5/82-AVD. III]

H. K. VERMA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 22 फरवरी, 1982

(आय-कर)

का० आ० 1518.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (15) के उप-खण्ड (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार द्वारा 4-2-1981 को पुरा स्थापित "विशेष निक्षेप स्कीम, 1981" को उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4487 (फा० सं० 178/25/81-आ०क(ए1)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 22nd February, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 1518.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iia) of clause (15) of Section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies the "Special Deposit Scheme, 1981" introduced by the Government of India on 1-2-1981 for the purpose of the said section.

[No. 4487|F. No. 178|25|81-IT (AI)]

नई दिल्ली, 2 मार्च, 1982

(आय-कर)

का० आ० 1519.—केन्द्रीय सरकार आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "हजरत पीरमोहमद शाह दर्गाह शरीफन्यास" को निर्धारण वर्ष 1981-82 से 1983-84 के लिए और उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4492 (फा० सं० 197/264/80आ०क०(ए1)]

New Delhi, the 2nd March, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 1519.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Hajrat Pirmohmed Shah Darga Sharif Trust" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1981-82 to 1983-84.

[No. 4492|F. No. 197|264|80-IT (AI)]

नई दिल्ली, 11 मार्च, 1982

(आय-कर)

का० आ० 1520.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, "दि मुम्बई सैंट जेवियर्स सोसायटी" को निर्धारण वर्ष 1976-77 से 1981-82 वर्ष के लिए और उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4508 (फा० सं० 176/170/78 आ० क(ए 1)]

मिलाप जैन, अवर सचिव

New Delhi, the 11th March, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 1520. In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Bombay St. Xavier's Society" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1976-77 to 1981-82.

[No. 4508|F. No. 197|170|78-IT (AI)]

MILAP SINGH, Jt Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 31 मार्च, 1982

का० आ० 1521—केन्द्रीय सरकार लोक ऋण नियमावली, 1946 के नियम 4 के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट करती है कि लोक ऋण अधिनियम, 1944 (1944 का 18) की धारा 2 के खण्ड 2 के उप-खण्ड (ख) के प्रयोजनो के लिए किसी सरकारी प्रतिभूति का प्रपत्र इस प्रकार होगा —

"प्रपत्र (फार्म)

राजकोष हुण्डियां (रूपांतरण) विशेष प्रतिभूतिया, 1982 संख्या—

----------दिनांक ----------

भारत के राष्ट्रपति एतद्द्वारा वचन देते है कि मांग करने पर भारतीय रिजर्व बैंक को----------रुपए ----------(----------रुपए) की रकम अदा की जाएगी ।

2. ब्याज की अदायगी केन्द्रीय सरकार द्वारा राजकोष हुण्डियों की दर के आधार पर समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली दर पर की जाएगी । 31 मार्च, 1982 से 30 जून, 1982 तक की अवधि के लिए ब्याज की अदायगी पहली जुलाई, 1982 को की जाएगी । उसके बाद

ब्याज की अदायगी छहमाही आधार पर प्रत्येक वर्ष पहली जुलाई और पहली जनवरी को की जाएगी। ब्याज की अदायगी इस नोट की तारीख से नोट का भुनाने की तारीख से ठीक पहले की तारीख तक की जाएगी।

3. यह नोट अपरक्राम्य है।

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से
गवर्नर
भारतीय रिजर्व बैंक
प्रबन्धक
भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई
[सं० एफ० 5(16)-पी डी/82)]
अखिलेश चन्द्र तिवारी, संयुक्त सचिव

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 31st March, 1982

S.O. 1521.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of rule 4 of the Public Debt Rules, 1946, the Central Government hereby specifies that the following shall be the form of Government Security for the purposes of sub-clause (b) of clause (2) of section 2 of the Public Debt Act, 1944 (18 of 1944), namely :—

"FORM

GOVERNMENT OF INDIA

Treasury Bills (Conversion) Special Securities, 1982
No. dated the

The President of India hereby promises to pay to the Reserve Bank of India on demand, a sum of Rs.

(Rupees).

2. Interest will be paid at a rate to be determined by the Central Government from time to time on the basis of the treasury bills rate. Interest would be paid on the 1st July 1982 for the period from 31st March 1982 to 30th June, 1982. Thereafter, interest will be paid half-yearly on the 1st July and 1st January of each year. Interest will be paid from the date of this note to the date immediately preceding the date on which the note is discharged.

3. This note is non-negotiable.

By order of the President of India.
Governor, Reserve Bank of India.
Manager, Reserve Bank of India, Bombay"

[No. F5(16)-PD/82]
A. C. TIWARI, Jt. Secy.

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 1982

का० आ० 1522.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्ध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 की धारा 3 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के बाद उक्त धारा 3 की उपधारा (च), (छ) और (ज) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) की 17 अक्तूबर, 1977 की अधिसूचना संख्या एफ 9/32/77-बी० ओ०-1 के अंतर्गत नियुक्त निदेशकों के स्थान पर अप्रैल, 1982 के तीसरे दिन से प्रारम्भ होने वाली तथा अप्रैल, 1985 के दूसरे दिन को समाप्त होने वाली 3 वर्षों की अवधि के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को इंडियन बैंक के निदेशों के रूप में नियुक्त करती है :—

1. श्री टी० एम० कल्यियाणन, चामुण्डी हाउस, सी० एच० बी० कालोनी, वेलूर रोड, तिरुचेंगोड्-637211, जिला-सलेम (तमिलनाडु)	उक्त बैंक के जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए धारा 3 की उपधारा (च) के अनुसरण में।
2. श्री ए० पोन्नुराई, भूतपूर्व अध्यक्ष, कलरायण लैम्प सोसाइटी, मनियारन कुनराम पोस्ट आफिस (वाया) वक्षमनुराई, चिन्नाकलरायन हिल्स. अत्तूर तालुक, सलेम जिला (तमिलनाडु)	किसानों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए—धारा 3 की उपधारा (छ) के अनुसरण में।
3. श्री सत्यनारायण गाथा, गाथा मूर्ति म्यूजियम, मूर्ति रोहल्ला, खजाने वालों का रास्ता, जयपुर (राजस्थान)	शिल्पकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए—धारा 3 की उपधारा (छ) के अनुसरण में
4. श्री आर० के० गोयल, चार्टर्ड एकाउंटेंट, राजेन्द्र के० गोयल एण्ड कम्पनी, ई-2/16, अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली-110002.	धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में।
5. श्री नरिन्द्र नाथ नन्दा, प्रोपराईटर, बी० के० इन्डस्ट्रीज, 25-ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया, ग्वालियर, (मध्य प्रदेश)	धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में।
6. श्रीमती लीला दामोदर मेनन, "नोका" आजाद रोड, कालूर, कोचीन-682017, (केरल)	धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में
7. श्री पी० वी० रंगाराव, मकान नं० 6-4-110, ब्राह्मण वाड़ी, हानमकोण्डा, जिला-वारंगल (आंध्र प्रदेश)	धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में।
5. श्री वी० पी० मारक्कर, सामाजिक कार्यकर्ता, वेल्लाक्काल हाउस, इडापल्ली, कोचीन-682024, (केरल)	धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में।

[सं० एफ 9/36/81-बी० ओ०-1]
च० वा० मीरचन्दानी, उप सचिव

(Banking Division)

New Delhi, the 2nd April, 1982

S.O. 1522.—In pursuance of calsue 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Schemes, 1970, the Central Government, after consultation with the Reserve Bank of India, hereby appoints the following persons as Directors of the Indian Bank for a period of three years commencing on the 3rd day of April, 1982 and ending with the

2nd day of April, 1985, in the place of the Directors appointed under the notification of the Government of India in the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division) No. F. 9/32/77-BO. I., dated the 17th October, 1977 to represent the interests of the persons specified in sub-clauses (d), (e) and (f) of the said clause 3 :—

1. Shri T. M. Kaliyannan, Chamundi House, C.H.B. Colony, Velur Road, Tiruchengodu-637211 Salem District (Tamil Nadu)	Representing the interests of depositors of the said Bank-in pursuance of sub-clause (d) of clause 3.
2. Shri A. Ponnudurai, Ex-President, Kalrayan LAMP Society, Maniyaran Kunram P.O., Karumandurai (Via) Chinnakalrayan Hills, Attur Taluk, Salem District, (Tamil Nadu).	Representing the interests of farmers—in pursuance of sub-clause (e) of clause 3.
3. Shri Satya Narain Natha, Natha Moorti Museum, Moorti Mohalla, Khazanewalaon-Ka-Rasta, Jaipur (Rajasthan).	Representing the interests of artisans—in pursuance of sub-clause (e) of clause 3.
4. Shri R. K. Goel, Chartered Accountant, Rajendra K. Goel & Co., E-7/16, Ansari Road, Darya Ganj, New Delhi-110002.	In pursuance of sub-clause (f) of clause 3.
5. Shri Narinder Nath Nanda, Proprietor, V. K. Industries, 25-A, Industrial Area, Gwalior (Madhya Pradesh)	In pursuance of sub-clause (f) of clause 3.
6. Smt. Leela Damodara Menon, 'Nauka', Azad Road, Kaloor, Cochin-682017. (Kerala)	In pursuance of sub-clause (f) of clause 3.
7. Shri P. V. Ranga Rao, House No. 6-4-110, Brahman Wadi, Hanamkonda, District Warangal, (Andhra Pradesh)	In pursuance of sub-clause (f) of clause 3.
8. Shri V. P. Marakkar, Social Worker, Vellakkal House, Edappally, Cochin-682024. (Kerala).	In pursuance of sub-clause (f) of clause 3.

[No. F.9/36/81-BO. I.]

C. W. MIRCHANDANI, Dy. Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

नई दिल्ली, 17 अप्रैल 1982

का० आ० 1523.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक है तथा समीचीन है कि जूट, सूत और जूट सुतली का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद को भेज दिया है;

अतः, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देने का इच्छुक कोई व्यक्ति उन्हें इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' 14/1 बी० एजरा स्ट्रीट (8 वी मंजिल) कलकत्ता को भेज सकता है।

प्रस्ताव

1— (1) अधिसूचित करना कि जूट, सूत और जूट सुतली का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा।

(2) इस आदेश के उपाबंध में दिए गए जूट प्रारूप सूत और जूट सुतली निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1982 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसे जूट सूत या जूट सुतली को लागू होगा।

(3) जूट सूत और जूट सुतली निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1982 के नियम 3 में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुपालन के अधीन रहते हुए संविदात्मक विनिर्देशों को जूट सूत और जूट सुतली के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में जूट सूत और जूट सुतली के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से किसी एक के द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि जूट सूत और जूट सुतली उप-पैरा (3) के अधीन मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है और निर्यात योग्य है।

2— इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को समुद्र, भूमि या वायु मार्ग द्वारा जूट सूत और जूट सुतली के नमूनों के निर्यात पर लागू नहीं होगी परन्तु यह तब जब कि ऐसे एक या अधिक नमूनों का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 100 रुपए (एक सौ रुपए) से अधिक नहीं है।

3—इस आदेश में 'जूट सूत' से जूट फाइबर से काते हुए सभी प्रकार का जूट-सूत अभिप्रेत है और 'जूट सुतली' से जूट सूत की दो या अधिक लड़ियों को एक साथ बटकर बनाई गयी जूट सुतली अभिप्रेत है।

उपाबंध

[पैरा 1 का उप-पैरा (2) देखिए]

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ .—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जूट सूत और जूट सुतली निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1982 है।

(2) ये तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है ;

(ग) 'परिषद' से अधिनियम, की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद अभिप्रेत है ,

(घ) 'जूट सूत' से जूट फाइबर से काता हुआ सभी प्रकार का जूट सूत अभिप्रेत है ,

(ङ) 'जूट सुतली' से जूट सूत की दो या दो से अधिक लड़ियों को एक बटकर बनाई गयी जूट सुतली अभिप्रेत है,

3. उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण :— निर्यात के लिए आशयित जूट सूत और जूट सुतली की क्वालिटी , निम्नलिखित अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए, इन नियमों से संलग्न अनुसूची I और अनुसूची II में विनिर्दिष्ट नियंत्रण के स्तरों सहित विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए विनिर्माण मिल द्वारा सुनिश्चित की जाएगी, अर्थात :—

(1) परिषद की सलाह के अनुसार आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) में परीक्षण और निरीक्षण करने के लिए मिल के परिसर में उपयुक्त उपकरणों और कर्मचारियों से युक्त प्रयोगशाला और निरीक्षण विभाग की यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की जाएगी कि विनिर्मित उत्पाद मानक विनिर्देशों के अनुरूप है।

(2) अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट विनिर्माण के प्रक्रमों के परीक्षण और निरीक्षण के सभी अभिलेख विनिर्माण मिल द्वारा रखे जाएंगे और परिषद या अभिकरण को उपलब्ध कराए जाएंगे।

(3) इन नियमों के अधीन निरीक्षण के प्रयोजन के लिए लपेटन विभाग के एक दिन की समरूप परिस्थितियों के अधीन विनिर्मित एक प्रकार और क्वालिटी का सभी जूट सूत और जूट सुतली एक नियंत्रण एकक होगा।

जूट सुतली और जूट सुतली की विशेषताएं

(अनुसूची II की मद 2)

सारणी

क्र०सं० विशेषताएं	अपेक्षाएं
1—काउन्ट ग्रिस्ट	संविदा में अनुबंधित के अनुसार अभिहित काउन्ट या ग्रिस्ट 7 ± 5 प्रतिशत
2—बट या घुमाव प्रति इंच	प्रति 2-54 सेंटीमीटर (इंच) अभिहित बट या घुमाव ± 10 प्रतिशत
2—आर्द्रता कलेवाप्ति	
(i) जूट सूत या जूट सुतली (हेसियन या विशेष)	18 प्रतिशत अधिकतम
(ii) जूट सूत या जूट सुतली (सैकिंग)	(क) 550 टैक्स (16 पौंड ग्रिस्ट) तक सूत या सुतली के लिए 22 प्रतिशत अधिकतम
	(ख) 550 टैक्स (16 पौंड ग्रिस्ट) से अधिक सूत या सुतली के लिए 27 प्रतिशत अधिकतम।
(iii) पटसन सूत या पटसन तंतु सुतली (कालीन)	16 प्रतिशत अधिकतम
4—संतुलन कलेवाप्ति	
(i) जूट सूत या जूट सुतली (हैसियन या विशेष)	14 प्रतिशत
(ii) जूट सूत या जूट सुतली (सैकिंग)	20 प्रतिशत
(iii) जूट सूत या जूट सुतली (कालीन)	14 प्रतिशत
5—तैलीय अंश	
(i) जूट सूत या जूट सुतली (हैसियन)	6 प्रतिशत अधिकतम
(ii) जूट सूत या जूट सुतली (सैकिंग)	8 प्रतिशत अधिकतम
(iii) जूट सूत या जूट सुतली (कालीन)	2 प्रतिशत अधिकतम
(iv) जूट सूत या जूट सुतली (विशेष)	संविदा में विनिर्दिष्ट मूल्य से अधिक या 8 प्रतिशत जो भी निम्न हो।

टिप्पण: जब जूट सूत का काउन्ट टैक्स में अभिव्यक्त किया जाता है तब काउन्ट मूल्य जूट सूत के एक किलोमीटर का भार ग्रामों में प्रकट करेगा।

जूट सूत और जूट सुतली का विवरण

(अनुसूची II की मद 2)

सारणी

क्र०सं० क्वालिटी		क्वालिटी अनुपात प्रति०	सामर्थ्य सोबी प्रति०	न्यूनतम सामर्थ्य प्रति०	सामर्थ्य कोई भी तनन मूल्य निम्नलिखित से कम नहीं होगा
1	2	3	4		5
(क) जूट सूत					
(i) कालीन 206 टैक्स (6 पौंड ग्रिस्ट) से नीचे 275 टैक्स (8 पौंड ग्रिस्ट)		85	21		
(ii) 275 टैक्स (8 पौंड ग्रिस्ट) से नीचे 474 टैक्स (12 पौंड ग्रिस्ट)		90	20		अभिहित काउंट या ग्रिस्ट का 60 प्रतिशत एकस क्यू भार
(iii) 415 टैक्स से ऊपर (12 पौंड ग्रिस्ट)		100	18		
2—हैसियन		75	23		अभिहित काउन्ट या ग्रिस्ट का 55 प्रतिशत एक्स क्यू भार
3—सैकिंग		65	24		अभिहित काउन्ट या ग्रिस्ट का 50

1	2	3	4	5
				प्रतिशत एक्स क्यू भार
4—विशेष		कम से कम 90 के अधीन रहते हुए संविदा में विनिर्दिष्ट के अनुसार	18	अभिहित काउन्ट या ग्रिस्ट का 65 प्रतिशत एक्स क्यू भार

(ख) जूट सुतली संविदा में विनिर्दिष्ट मूल्य से कम नही (यदि संविदा में विशेष रूप से अनुबंधित हो तो परीक्षण तभी किया जाएगा)।

अनुसूची-I

विनिर्माण के प्रक्रम

1 नमूने का न्यूनतम आकार :—प्रत्येक क्वालिटी के लिए पूरे दिन (24 घंटो) में एक समान चुने गए 12 बोबीन या 12 रीलों या 12 काप।

2. प्रत्येक बाबीन या रील या काप में से 68-58 मीटर (75 गज) की लच्छी बनाई जाएगी।

3. सभी 12 लच्छियां एक ही बार में ग्रामों (ग्रौस) में तोली जाएंगी जिसमें सूत या सुतली की औसत ग्रिस्ट एम० आर० % परिकथित की जाएगी।

4. उपरोक्त 12 लच्छियों में से कम से कम 5 प्रतिशत एम० आर० (क्लेवाप्ति आर्द्रता) रीडिंग की जाएगी जिसमें से औसत एम० आर० प्रतिशत आर्द्रता क्लेवाप्ति परिकलित की जाएगी।

5. उपरोक्त 3 और 4 प्रक्रमों से सूत या सुतली की अंतिम औसत ग्रिस्ट एम० आर० (क्लेवाप्ति आर्द्रता) % के मानक पर (किस्म के लिए विनिर्दिष्ट के अनुसार) परिकथित की जाएगी।

6 उपरोक्त 12 लच्छियो में से तनन सामर्थ्य की कम से कम 50 रीडिंग ली जाएगी और सामर्थ्य सी० बी० (किस्म गुणांक) प्रतिशत को परिकलित करने के लिए आवृत्ति प्रणाली में अभिलिखित की जाएगी।

7. उपरोक्त के अनुसार 12 बाबीनों या रीलो या कामों में से चुने गए कम से कम 2 रीडिंग मोड़ या घुमाव प्रति 2-54 सेंटीमीटर प्रति इंच प्रत्येक बाबीन या रील या काम में से ली जाएगी और 24 रीडिंग की औसत परिकलित की जाएगी और प्रत्येक रीडिंग के लिए सूत या सुतली की परीक्षण लंबाई 25-4 सेंटीमीटर 10 इंच होगी।

8. उपरोक्त के अनुसार 12 बाबीनों या रील या काम में से 2 परख नमूने, भार में 20 ग्राम प्रति नमूना जूट सूत या जूट सुतली की तैलीय अंश प्रतिशतता निर्धारित करने के लिए निकाले जाएंगे।

अनुसूची-II

निरीक्षण के स्तर

1. साधारण अपेक्षाएं :

(1)(क) जूट सूत और जूट सुतली अच्छी क्वालिटी के जूट से निर्मित की जाएंगी और यह पत्ते के कणों कुंडल, ग्रंथीले, अपक्रम सूत, ढीले, सिरो, उलझी गांठों, लम्बी पुच्छ वाली गांठों, धब्बो और अन्य कताई के दोषों से मुक्त होगी।

(2)(क) जूट सूत एक रूप और एक रंग वाला होगा।

(ख) जूट सूत की दशा जूट का सभी सूत उसी काउंट का होगा जब तक कि ये विशेष रूप से विनिर्दिष्ट न किया जाए।

(4) जूट सूत और जूट सुतली क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट रीलों या लच्छियों या कापों के रूप में दी जाएगी।

2. विशिष्ट अपेक्षाएं या अनुरूपता के लिए कसौटी :—

(1) एक विशेष क्वालिटी का जूट सूत या जूट सुतली इन नियमो से संलग्न सारणी-I और सारणी-II में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुरूप न होगा जब तक कि क्रेता और विक्रेता के बीच विनिर्दिष्ट रूप से अन्यथा करार न हो।

(2) काउंट ग्रिस्ट—परीक्षण के अधीन जूट सूत या जूट सुतली के नमूनों की औसत काउंट या ग्रिस्ट सारणी-I में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार होगी।

(3) प्रति 2-54 सेंटीमीटर (प्रति इंच) बट या घुमाव—परीक्षण के अधीन जूट सूत और जूट सुतली के नमूनों के औसत बट या घुमाव प्रति 2-54 सेंटीमीटर (प्रति इंच) सारणी-I में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार होंगे।

(4) क्लेवाप्ति आर्द्रता (अधिकतम)—परीक्षण के अधीन जूट सूत या जूट सुतली के नमूनों की औसत आर्द्रता क्लेवाप्ति सारणी-I में विनिर्दिष्ट प्रतिशत से अधिक नही होगी।

(5) तैली अंश प्रतिशतता (अधिकतम) :—परीक्षण के अधीन जूट सूत या जूट सुतली के नमूनों के अंश की प्रतिशतता सारणी-I मे विनिर्दिष्ट प्रतिशतता से अधिक नही होगी।

(6)(क) मानक तनन सामर्थ्य (न्यूनतम)—विशेष प्रकार की क्वालिटी के जूट सूत या जूट सुतली का मानक तनन सामर्थ्य मूल्य सारणी II में विनिर्दिष्ट क्वालिटी अनुपात और अभिहित काउंट के आधार पर परिकलित किया जाएगा।

(ख) परीक्षण के अधीन जूट सूत या जूट सुतली के नमूनों का तनन सामर्थ्य मूल्य मानक तनन सामर्थ्य मूल्य से कम नही होगा।

(7) अलग-अलग-जूट सूत के लिए तनन सामर्थ्य :—परीक्षण के अधीन अलग-अलग प्रत्येक जूट सूत का तनन सामर्थ्य मूल्य सारणी-II में विनिर्दिष्ट मूल्य से कम नही होगा।

(8) क्वालिटी अनुपात और सामर्थ्य सी० बी० प्रतिशत :—परीक्षण के अधीन जूट सूत या जूट सुतली का क्वालिटी अनुपात और सामर्थ्य सी० बी० प्रतिशत मूल्य सारणी-II में विनिर्दिष्ट मूल्य से कम नही होगा।

(9) सुतली में सूत की संख्या :—सुतली में सूत की संख्या साधारणतया संविदा में अनुबंधित से कम नही होगी।

4. पैकिंग और चिह्नांकन—नियम 3 के अधीन निर्दिष्ट नियंत्रण के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण उपायों द्वारा विनिर्मित सामग्री मानक विनिर्देशों में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुसार यदि कोई हो, पैक की जाएगी और उस पर निम्नलिखित जानकारी चिह्नांकित की जाएगी।

(क) विनिर्माता का नाम या रजिस्ट्रीकृत व्यापार चिह्न, यदि कोई हो।

(ख) गांठ संख्यांक या ट्रस संख्यांक।

(ग) कुल भार।

(घ) शुद्ध भार।

(ङ) सामग्री का नाम।

(च) मात्रा।

(छ) भारत में आयात करने वाले देश मे प्रवृत्त विधि द्वारा अपेक्षित कोई अन्य जानकारी।

5. मुहर चिपकाना—नियम 4 के अनुसार चिह्नांकित और पैक की गयी सामग्री की प्रत्येक गांठ या ट्रस पर परिषद् द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित मोहर विनिर्माण मिल द्वारा लगाई जाएगी।

6 निरीक्षण की प्रक्रिया —(1)(क) जूट सूत या जूट सुतली का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता या विनिर्माण करने वाली मिल—

(क) अपने ऐसा करने के आशय की संसूचना लिखित रूप में देगी और ऐसी संसूचना साथ ऐसे निर्यात से संबंधित संविदा में अनुबंधित विनिर्देशों की घोषणा अभिकरण के निकटतम कार्यालयों को भी देगी; और

(ख) ऐसी संसूचना के साथ यह घोषणा भी करेगी कि जूट या सूत सुतली के परेषण का विनिर्माण नियम 3 में निर्दिष्ट नियंत्रणों के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण उपायों का प्रयोग करते हुए किया गया है और परेषण में प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है।

(2) यथास्थिति, निर्यातकर्ता या विनिर्माण करने वाली मिल प्रत्येक परेषण की गांठ इस पर लगाए गए पहचान चिह्न की अभिकरण के निकटतम कार्यालय को देगा।

(3) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक संसूचना और घोषणा विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से सात दिन पूर्व अभिकरण के निकटतम कार्यालय में पहुंच जाएगी।

(4) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक संसूचना और घोषणा प्राप्त होने पर अभिकरण अपना यह समाधान होने पर कि जूट सूत या जूट सुतली का परेषण का विनिर्माण नियम 3 की अपेक्षाओं के अनुसार किया गया है और निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा इस संबंध में जारी किए गए अनुदेशों का, यदि कोई हो, का पालन किया गया है, घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि परेषण निर्यात-योग्य है।

7. परेषणवार निरीक्षण—यदि किसी समय, विनिर्माता या विनिर्माण करने वाली मिल किसी कारणवश नियम 3 के 5 के उपबंधों के अनुसार उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण का पालन करने में असमर्थ रहती है, तो परिषद् द्वारा इस संबंध में जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अभिकरण द्वारा परेषणवार पोत-लदान पूर्व निरीक्षण किया जाएगा और ऐसे निरीक्षण के लिए निरीक्षण फीस नियम 10 के अधीन विनिर्दिष्ट फीस की दुगनी दर से ली जाएगी।

8. निरीक्षण के लिए सुविधाएं—विनिर्माता या निर्यातकर्ता अभिकरण को यथा स्थिति नियम 6 या नियम 7 की अपेक्षानुसार निरीक्षण के लिए आवश्यक सुविधाएं देगा।

9. निरीक्षण का स्थान—इन नियमों के प्रयोजनों के लिए जूट सूत और जूट सुतली का निरीक्षण विनिर्माण करने वाली मिल के परिसरों में या अन्य किसी स्थान पर जहां परीक्षण सुविधाएं विद्यमान हों, किया जाएगा।

10. निरीक्षण फीस—जूट सूत या जूट सुतली के निरीक्षण के लिए निरीक्षण फीस निम्नलिखित दरों पर संदत्त की जाएगी।

(i) जूट सूत (कालीन या विशेष) या जूट सुतली (कालीन 955 रुपये प्रति मीटरिक टन विशेष)

(ii) जूट सूत (हैसियन) या जूट सुतली (हैसियन) 12-75 रुपये प्रति मीटरी टन

(iii) जूट सूत (सैकिंग) या जूट सुतली सैकिंग 8-45 रुपये प्रति मीटरी टन ।

(iv) जूट सूत (अन्य सभी किस्में) या
जूट सुतली (अन्य सभी किस्में अभिकरण द्वारा 12-75 रुपये प्रति मीटरिक टन)।

11. अपील—यथास्थिति, नियम 6 या नियम 7 के उप-नियम (4) के अधीन प्रमाण-पत्र जारी करने के इंकार से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने से दस दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित विशेषज्ञों के पैनल को जिसमें कम से कम तीन व्यक्ति होंगे, अपील कर सकेगा।

(2) पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी।

(3) ऐसी अपील पर पैनल पर विनिश्चय अंतिम होगा।

(4) अपील, प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी।

[सं० 6(13)/74-नि० नि० तथा नि०उ०]

MINISTRY OF COMMERCE

(Department of Commerce)

ORDERS

New Delhi, the 17th April 1982

S.O. 1523.—Whereas the Central Government is of opinion that in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), it is necessary and expedient so to do for the development of export trade of India that jute and jute twine shall be subject to quality control and inspection prior to export ;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Cotrol and Inspection) Rules, 1964 ;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for the information of the persons likely to be affected thereby, notice is hereby given that any person desiring to forward, any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within forty-five days of the date of publication of this notification in the Official Gazette, to the Export Inspection Council, "World Trade Centre", 14/1B, Ezra Street (7th Floor), Calcutta-1.

PROPOSALS

1. (1) To notify that jute yarn and jute twine shall be subject to quality control and inspection prior to export.

(2) To specify the type of quality control and inspection in accordance with the draft Export of Jute Yarn and Jute twine (Quality Control and Inspection) Rules, 1982, set out in the Annexure to this Order, as the type of quality control and inspection which shall be applied to such jute yarn and jute twine prior to export.

(3) To recognise contractual specifications subject to the compliance of the requirements as set out in rule 3 of the Export of Jute Yarn and Jute Twine (Inspection) Rules, 1982 as the standard specifications for jute yarn and jute twine.

(4) To prohibit the export in the course of international trade of jute yarn and jute twine unless the same is accompanied by a certificate issued by any one of the Export Inspection Agencies established under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that the jute yarn and jute twine conforms to the specifications recognised under sub-paragraph (3) and is export-worthy.

2. Nothing in this order shall apply to the export by sea, land or air of samples of jute yarn and jute twine to prospective buyers provided the f.o.b. value of one or more such samples does not exceed Rs. 100 (Rupees one hundred only).

3. In this order, "jute yarn" shall mean all varities of jute yarn spun out of jute fibre, and "jute twine" shall mean plied jute yarn made by twisting together two or more strands of jute yarn.

ANNEXURE

(See sub-paragraph (2) of paragraph 1)

Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Insjection) Act, 1963 (22 of 1963).

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Export of Jute Yarn and Jute Twine (Quality Control and Inspection) Rules, 1982.

(2) They shall come into force on.....

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) ;

(b) "agency" means any of the Export Inspection Agencies established at Bombay, Calcutta, Cochin, Delhi and Madras under section 7 of the Act) ;

(c) "Council" means the Export Inspection Council established under section 3 of the Act;

(d) "jute yarn" means all varieties of jute yarn spun out of jute fibre ;

(e) "jute twine" means plied jute yarn made by twisting together two or more strands of jute yarn.

3. Inprocess Quality Control :—The quality of jute yarn and jute twine intended for export shall be ensured by the manufacturing mill effecting the controls at different stages of manufacture, together with the levels of control, specified in Schedule I and Schedule II appended to these rules, subject to the following requirements namely :—

(1) A laboratory and inspection department shall be maintained at the mill premises, which shall be suitably equipped and staffed to carry out tests and inspection as the frequency advised by the Council to ensure that the products manufactured conform to the standard specification.

(2) All records of tests and inspection shall be maintained by the manufacturing mill of the stages of manufacture specified in Schedule I and shall be made available to the Council or agency.

(3) For the purpose of inspection under these rules all jute yarn and jute twine of one type and quality manufactured under similar conditions in one single day of the winding department shall constitute a control unit.

PARTICULARS OF JUTE YARN AND JUTE TWINE
(Item 2 of Schedule II)

TABLE I

Sl. No.	Characteristics	Requirements
1	2	3
1.	Count or grist	Nominal Count or grist as stipulated in the Contract ±7.5%
2.	Twist or Turns per inch	Nominal Twist or Turns per 2.54 Centimentres (Inch) ±10%
3.	Moisture Regain	
	(i) Jute yarn or Jute Twine (Hessian or special)	18% Maximum
	(ii) Jute yarn or Jute Twine (Sacking)	(a) 22% max. for yarn or twine upto 550 tex (16 lbs grist) (b) 27% max. for yarn or twine above 550 tex (16 labs grist)
	(iii) Jute yarn or Jute twins (Carpet)	16% maximum
4.	Contract Regain	
	(i) Jute yarn or Jute twine (Hessian or special)	16%
	(ii) Jute yarn or Jute twine (Sacking)	20%
	(iii) Jute yarn or Jute twine (Carpet)	14%
5.	Oil Content	
	(i) Jute Yarn or Jute twine (Hessian)	6% maximum
	(ii) Jute yarn or Jute twine (Sacking)	8% maximum
	(iii) Jute yarn and Jute twine (Carpet)	2% maximum
	(iv) Jute yarn or Jute twine (Special)	Not more than the value as specified in the contract or 8% whichever is lower.

N.B. : When count of the jute or is expressed in tex, the count value indicates the weight in grams of one kilometre of jute yarn.

PARTICULARS OF JUTE YARN AND JUTE TWINE
(Item 2 of Schedule II)

TABLE II

Sl. No.	Quality Ratio %	Strength C.V. %	Minimum Strength (no individual tensils strength value shall be less than)
(a) Jute Yarn			
(1) Carpet			
(i) 205 tex (6 lbs grist) to below 275 tex (8 lbs grist)	85	21	
(ii) Above 275 tex (8 lbs grist) to below 415 tex (12 lbs grist)	90	20	60% of the nominal count or grist X.Q.R.
(iii) Above 415 tex (12 lbs grist) and above	100	18	
(2) Hessian	75	23	55% of the nominal count or grist X.Q.R.
(3) Sacking	65	24	50% of the nominal count or grist X.Q.R.
(4) Special	As specified in the contract subject to minimum of 90	18	65% of the nominal count or grist X.Q.R.
(b) Jute Twine	Not less than the value as may be specified in the contract (To be tested only if specifically stipulated in the contract).		

SCHEDULE-I

Stages of Manufacture

1. Minimum sample size ; 12 bobbins or 12 spools or 12 cops selected uniformly throughout the day (24 hours) for each quality.

2. From each bobbin or spools or cop a hank of 68.58 metres (75 yards) shall be made.

3. All the 12 hanks will be weighed at a time in grammes (Ounces) from which the average grist of the yarn or twine at observed M.R. % shall be calculated.

4. From the above 12 hanks at least 5 M.R. (Moisture regain) % readings shall be taken from which the average M.R. (Moisture regain) % shall be calculated.

5. From stages 3 and 4 above, finally the average grist of the yarn or twine at standard M.R. (Moisture regain) % (as specified for the variety) will be calculated.

6. At least 50 readings of tensile strength shall be taken from the above 12 hanks and shall be recorded in frequency method to calculate the strength (Coefficient of varieties C.V. %.

7. From the 12 bobbines or spools or cops, as selected above at least 2 readings of turns or twist per 2.54 centimetres (per inch) shall be taken from each bobbin or spool or cop and the average of 24 readings shall be calculated and the test—length of yarn or twine for each reading shall be 25.4 centimetres (10 inches).

8. From the 12 bobbins or spools or cops, as above, 2 test samples, each sample weighing at least 20 grammes shall be drawn for determining oil content per cent of jute yarn or jute twine.

SCHEDULE-II

Levels of Control

1. General Requirements :

(1) (a) The jute yarn and jute twine shall be manufactured from good quality jute and it shall be free from leaf particles, snarls, slubs, specks, roots, loose ends, bad knots, knots with long tails, stains and other spining defects.

(2) (a) The jute yarn shall be of uniform construction and colour.

(b) In case of jute twine all the individual jute yarn shall be of the same count unless particularly specified.

(3) The jute yarn and jute twine shall be supplied in the form of spools or hanks or cops as specified by the buyer.

2. Specific Requirements or Criteria for Conformity :

(1) The jute yarn and jute twine of a particular quality shall conform to the requirements laid down in Table I and Table II appended to these rules unless otherwise specifically agreed to between the buyer and the seller.

(2) Count (Grist).—The average count or grist of jute yarn or jute twine samples under test shall be in accordance with the requirements as specified in Table I.

(3) Twist or turn per 2.54 centimetres (per inch).—The average twist or turns per 2.54 centimetres (per inch) of jute yarn or jute twine samples under test shall be in accordance with the requirements as specified Table I.

(4) Moisture Regain (maximum).—The average moisture regain of the jute yarn and jute twine samples under test shall not exceed the percentage as specified in Table I.

(5) Oil Content per cent (maximum).—The average oil content per cent of the jute yarn or jute twine samples under test shall not exceed the percentage as specified in Table I.

(6) (a) Standard Tensile Strength (minimum).—The standard tensile strength value of jute yarn and jute twine for particular quality shall be calculated on the basis of the standard quality ratio as specified in Table II and the nominal count or grist.

(b) The average tensile strength value of the jute yarn or jute twine samples under test shall not be less than the standard tensile strength value.

(7) Tensile strength strength for individual jute yarn.—The tensile strength value of each individual jute yarn under test shall not be less than the specified value in Table II.

(8) Quality ratio and strength C.V. %.—The quality ratio and the strentgh C.V. % value of the jute yarn or jute twine samples under test shall not be less than the value as specified in Table II.

(9) Number of yarn in twine.—The number of yarns in a twine shall not generally be less than as stipulated in the contract.

4. Packing and Marking.—The material manufactured by quality control measures as per controls referred to under rule 3 shall be packed as per the requirements, if any, laid down in the standard specifications and marked with the following information; namely :—

(a) Name of the manufacturer or registered trade mark if any.

(b) Bale number or truss number.

(c) Gross weight.

(d) Net weight.

(e) Name of the material.

(f) Quantity.

(g) Any other information required by the law in force in India and the importing country.

5. Affixation of stamp.—Every bale or truss of the material packed and marked in accordance with rule 4 shall be stamped by the manufacturing mills with the stamp approved for the purpose by the Council.

6. Procedure of inspection.—(1) The exporter or a manufacturing mill intending to export jute yarn and jute twine shall—

(a) give intimation in writing of his intention so to do and submit alongwith such intimation a declaration of the specifications stipulated in the contract relating to such export to the nearest office of the agency; and

(b) submit alongiwth such intimation a declaration that the consignment of jute yarn and jute twine has been manufactured by exercising quality control measures as per controls referred to under rule 3 and that the consignment conforms to the requirements of the specifications recognised for the purpose.

(2) The exporter or a manufacturing mill as the case may be, shall also furnish to the nearest office of the agency the identification marks applied on each bale or truss of the consignment.

(3) Every intimation and declaration under sub-rule (1) shall reach the nearest office of the agency not less than seven days prior to the despatch of the consignment from the manufacturer's premises.

(4) On receipt of intimation and declaration under sub-rule (1), the agency, on satisfying itself that the consignment of jute yarn or jute twine has been manufactured as per requirements of rule 3 and the instructions, if any, issued by the Council in this regard, have been observed, shall issue a certificate declaring the consignment as export-worthy.

7. Consignmentwise inspection.—If at any time, the manufacturer or manufacturing mill fails to implement inprocess quality control in accordance with the provisions of rules 3 to 5 due to any reason, pre-shipment inspection shall be carried out on a consignmentwise basis by the agency in accordance with instruction issued by the Council in this

regard and the inspection fee for such inspection shall be charged at double the rates specified under rule 10.

8. Facilities for inspection.—The manufacturer or exporter shall provide all facilities to the agency to carry out inspection as may be required under rule 6 or rule 7 as case may be.

9. Place of Inspection.—Every inspection of jute yarn and jute twine for the purpose of these rules shall be carried out at the premises of the manufacturing mill or any other place where testing facilities exist.

10. Inspection Fee.—Fee at the following rates shall be paid as inspection fees for Inspection of jute yarn and jute twine :—

(i) Jute yarn (carpet or special) or jute twin (Carpet or special) Rs. 9.55 per m. tonne

(ii) Jute yarn (Hessian) or Jute Twine (Hessian) Rs. 12.75 per m. tonne

(iii) Jute yarn (Sacking) or Jute Twine (Sacking) Rs. 8.45 per m. tonne

(iv) Jute yarn (All other varieties) or jute twine (All other varieties) Rs. 12.75 per m. tonne.

11. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (4) of rule 6 or rule 7 as the case may be, may, within ten days of the receipt of the communication of such refusal, prefer an appeal to panel of experts consisting of not less than three persons, as may be constituted for the purpose by the Central Government.

(2) The quorum of the panel of experts shall be three

(3) The decision of the panel of experts on such appeal shall be final.

(4) The appeal shall be disposed of within fifteen days of its receipt.

[No. 6(13)/74-EP&EP]

का. आ. 1524.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि हल्दी का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए :

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है ;

अत. केन्द्रीय सरकार, उक्त उपनियम के अनुसरण में उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है,

2. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि यदि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आदेश या सुझाव भेजने का इच्छुक कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण अभिकरण-कोचीन, 'मनोहर बिल्डिंग' एम जी रोड, कोचीन-682011 को भेज सकता है ।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि हल्दी का निर्यात से पूर्व (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) किया जाएगा ;

(2) इस आदेश के उपबंध-1 में दिए गए प्रारूप हल्दी निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1982 के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को ऐसे निरीक्षण के प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसी हल्दी पर लागू होगा ।

(3) समय-समय पर संशोधित किए गए हल्दी के श्रेणीकरण और चिन्हांकन नियम, 1964 के अधीन बनाए गए श्रेणी अभिधानों को, हल्दी के मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना ।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान, हल्दी के निर्यात को तब तक प्रतिषिध्द करना, जब तक कि केन्द्रीय सरकार द्वारा मानता प्राप्त चिन्ह या सील ऐसे हल्दी के पैकेजों और डिब्बों पर चिपकाई या लगाई नहीं गई है कि वह उस पर लागू मानक विनिर्देशों के अनुरूप है और उसके साथ भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार या इसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी या राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा केन्द्रीय सरकार किसी भी अधिसूचित अभिकरण द्वारा जारी किया गया श्रेणीकरण का प्रमाण-पत्र इसकी योग्यता के योग्यतर के प्रमाण स्वरूप नहीं लगा है ।

3. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को भूमि, जल या वायु मार्ग द्वारा हल्दी के पचास रुपये से अनधिक मूल्य के नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी ।

4. इस आदेश में 'हल्दी' से भारत में उत्पादित **कुर्कमा लोंगा एल** पौधे का हल्दी प्रकन्द अभिप्रेत है ।

उपाबन्ध—1

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप ।

नई दिल्ली, 1982

का. आ. .—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हल्दी का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1982 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषा** :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है,

(ख) 'कृषि विपणन सलाहकार' से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है,

(ग) 'निरीक्षण अधिकारी' से हल्दी का निरीक्षण करने के लिए कृषि विपणन सलाहकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी या अधिनियम की धारा 7 के अधीन अभिकरण के रूप में मान्यता प्राप्त कोई अभिकरण अभिप्रेत है,

(घ) 'प्राधिकृत पैकर' से ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का ऐसा निकाय अभिप्रेत है जिसे भारत सरकार के

कृषि विपणन सलाहकार द्वारा या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अन्य अभिकरण द्वारा नियमों के अधीन विहित श्रेणी मानक प्रक्रिया के अनुसार वस्तु को श्रेणीकृत और चिह्नांकित कराने का प्रमाणपत्र दिया गया है ।

(ङ) 'प्राधिकरण का 'प्रमाण-पत्र' से कृषि विपणन सलाहकार या इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी या अधिनियम, की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अभिकरण द्वारा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के किसी निकाय का दिया गया प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है जो हल्दी का (अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त) श्रेणीकरण कराने का इच्छुक है ।

(च) 'हल्दी' से भारत में उत्पादित कुर्कमा लौंगाएल पौधे का हल्दी प्रकन्द अभिप्रेत है ।

3 निरीक्षण का आधार :—निर्यात के लिए आयातित हल्दी का निरीक्षण इस दृष्टि से किया जाएगा कि वे अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है ।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया — (1) निर्यात के लिए आयातित हल्दी कृषि विपणन सलाहकार द्वारा या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अन्य अभिकरण द्वारा इस निमित्त जारी किए गए आदेशों के अनुसार केवल प्राधिकृत पैकर द्वारा पैक और श्रेणीकृत की जाएगी ।

(2) प्राधिकृत पैकर की यह जिम्मेदारी होगी कि वह हल्दी का श्रेणीकरण करने और उसके नमूने लेने की ऐसी व्यवस्था करे और परीक्षण करने के लिए अपेक्षित सुविधाएं भी देगा जो कृषि विपणन सलाहकार या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अन्य अभिकरण द्वारा विहित की जाए ।

(3) हल्दी का निर्यात करने का इच्छुक प्राधिकृत पैकर कृषि विपणन सलाहकार या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी भी अन्य अभिकरण द्वारा विहित ऐसे ब्यौरों सहित निकटतम निरीक्षण अधिकारी को लिखित सूचना देगा ताकि वह नियम 3 के अनुसार हल्दी के लाटों को श्रेणीकृत तथा चिन्हांकित कर सके ।

(4) उप-नियम (3) के अधीन प्रत्येक सूचना :—

(क) निरीक्षण अधिकारियों के मुख्यालयों पर स्थित पैकिंग केन्द्रों पर श्रेणीकरण और चिन्हांकन करने से कम से कम 2 दिन पूर्व दी जाएगी

(ख) अन्य स्थानों पर जो निरीक्षण अधिकारियों के मुख्यालय पर स्थित नहीं हैं, श्रेणीकरण और चिन्हांकन करने से कम से कम 10 दिन पूर्व दी जाएगी ।

(5) उप-नियम (4) में निर्दिष्ट सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षण अधिकारी कृषि विपणन सलाहकार या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अन्य अभिकरण द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार हल्दी के परेषणों का निरीक्षण यह जांच करने की दृष्टि से करेगा कि वे नियम 3 में निर्दिष्ट मान्यता प्राप्त विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है ।

(6) यदि निरीक्षण अधिकारी का समाधान हो जाता है कि परेषण नियम 3 में निर्दिष्ट विनिर्देशों के अनुसार है तो वह कृषि विपणन सलाहकार या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त अन्य अभिकरण द्वारा जारी किए आदेशों के अनुसार हल्दी के डिब्बा और पैकेजों पर चिपकाने के लिए लेबल जारी करेगा ।

परन्तु यदि निरीक्षण अधिकारी का इस प्रकार समाधान नहीं होता है, तो वह उक्त लेबल जारी करने से इंकार कर देगा और तथ्य की उसके कारणों सहित सूचना लिखित रूप में तुरन्त प्राधिकृत पैकर को देगा ।

(7) श्रेणीकृत और लेबल लगे तथा हल्दी के परेषणों का निर्यात करने का इच्छुक प्राधिकृत पैकर कृषि विपणन सलाहकार या अधिनियम की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त किसी अन्य अभिकरण द्वारा विहित ब्यौरों सहित हल्दी की निर्यात योग्यता के प्रमाण-स्वरूप श्रेणीकरण का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए निरीक्षण अधिकारी के निकटतम कार्यालय में आवेदन देगा ताकि वह नियम 3 के अनुसार ऐसा प्रमाण-पत्र जारी कर सके ।

(8) उप-नियम (7) के अधीन प्रत्येक आवेदन :—

